# लुणावत जी ने हर वर्ग के लिए कार्य किया : सिंह

**भोपाल, 5 मई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद आलोक शर्मा ने मंगलवार को भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज सभागार में भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय विजेश लुणावत की स्मृति में आयोजित 'प्रिय विजेश यादें शेष' कार्यक्रम में सहभागिता कर संबोधित किया. इस दौरान बच्चों ने सेवा यात्रा के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.**

## आयुर्वेदिक कॉलेज में 'प्रिय विजेश यादें शेष' कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया. भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि स्वर्गीय विजेश लुणावत ने कम समय में ही एक ऑलराउंडर की तरह समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया. उनके व्यक्तित्व में परोपकार का अद्भुत गुण था. वास्तव में परोपकार से बड़ा कोई गुण नहीं होता है. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि स्वर्गीय विजेश लुणावत चुम्बकीय व्यक्तित्व के स्वामी थे.उनके व्यक्तित्व में परोपकार का अद्भुत गुण था. वास्तव में परोपकार से बड़ा कोई गुण नहीं होता. विजेश जी ने जीवन के प्रत्येक पल में समाज और देश के लिए सोचा तथा राजनीति को सेवा के भाव से जीया. प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया. संचालन वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र शर्मा एवं आभार अश्विनी राय ने माना।. कार्यक्रम में महापौर मालती राय, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, फाउंडेशन के समन्वयक डॉ. शैलेश लुणावत, जिला अध्यक्ष रवींद्र यति, सुरजीत सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह यादव, सुनील पाण्डेय, आदि उपस्थित थे.

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विजेश लुणावत फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य बहुत सराहनीय हैं. फाउंडेशन द्वारा ऑर्गन डोनेशन, जरूरतमंदों के स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिसका समाज के लोगों को बहुत फायदा पहुंच रहा है. उन्होंने स्वर्गीय विजेश लुणावत के कृतित्व व व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए कहा कि वह चुम्बकीय व्यक्तित्व के स्वामी थे. पता नहीं था कि वह इतने जल्दी हमारे बीच से चले जाएंगे. उनके जाने के बाद परिवार ने शोक के बावजूद भी उनके कार्यों को फाउंडेशन के माध्यम से आगे बढ़ाने का जो कार्य किया है, वह सराहनीय कदम है. कार्यक्रम को सांसद आलोक शर्मा एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने भी संबोधित किया. स्वर्गीय विजेश लुणावत की सुपुत्री मुस्कान लुणावत ने कार्यक्रम में विजेश लुणावत फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी. स्वर्गीय विजेश लुणावत स्मृति फाउंडेशन की सचिव स्मिता लुणावत ने कार्यक्रमों की जानकारी दी.



## आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला में बच्चों ने खिलौने बनाना सीखा

**भोपाल, 5 मई.** आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल द्वारा वेकेशन क्रियटिव साइंस वर्कशॉप के अंतर्गत कक्षा 3री से 5वीं तक के बच्चों के लिए दो दिवसीय 'लिटिल क्रिएटर्स: आर्ट एंड क्राफ्ट' कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की भावना का विकास करना था. कार्यशाला के दौरान बच्चों ने विभिन्न आर्ट एवं क्राफ्ट गतिविधियों के माध्यम से आकर्षक एवं वैज्ञानिक खिलौनों का निर्माण किया. तथा अपने कौशल और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया.

## प्रियव्रत ने निशानेबाजी में जीता रजत

- राज्य शूटिंग अकादमी में सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 5 मई. मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी का शूटिंग रेंज मंगलवार को निशानेबाजों की एकाग्रता और सटीकता का गवाह बना, जब 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 के तहत 50 मीटर राइफल 3 पोज़िशन (मेन) इवेंट आयोजित किया गया.**



प्रियव्रत सिंह तोमर ने यूथ मेन वर्ग में रजत पदक अपने नाम कर लिया. प्रियव्रत ने पूरे मुकाबले के दौरान संतुलन बनाए रखा और अहम मौकों पर सटीक निशाने लगाकर पदक पक्का किया.

मप्र अकादमी के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने आए कई युवा खिलाड़ियों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे यह साफ दिखा कि शूटिंग में नई पीढ़ी तेजी से आगे बढ़ रही है. आयोजकों के अनुसार यह चैंपियनशिप 2 मई से 15 मई तक चलेगी, जिसमें आगे 10 मीटर एयर राइफल (मेन और वुमेन), 50 मीटर राइफल 3 पोज़िशन (वुमेन) और 50 मीटर राइफल प्रोन (मेन-वुमेन) के मुकाबले भी खेले जाएंगे. दिन के अंत में पदक विजेताओं को बधाई देते हुए प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया.

## मिनाल में श्रीराम मानस शक्ति यज्ञ 19 मई से

**भोपाल,5 मई.** शहर के मिनाल रेजिडेंसी स्थित एमपीईबी ग्राउंड में 19 से 28 मई तक श्रीराम मानस शक्ति यज्ञ का आयोजन किया जाएगा. इस धार्मिक आयोजन में भोपाल सहित विभिन्न स्थानों से साधु-संतों की उपस्थिति रहेगी, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बनेगा. प्रतिदिन वृंदावन की मंडली द्वारा रामलीला का मंचन भी किया जाएगा.

आयोजन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं. शिवांगी गिरि, महंत अनिलानंद आचार्य पंकज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने यज्ञ स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

## हाथ स्वच्छ रहेंगे तो शरीर में कीटाणु नहीं जाएंगे

- एम्स में विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया
- बताए बीमारियों से बचाव के तरीके

**भोपाल, 5 मई. हमारे हाथ ही बीमारियों को शरीर के भीतर पहुंचाने का सबसे बड़ा जरिया होते हैं. दिनभर में न जाने कितनी सतहों और वस्तुओं को छूने से अनगिनत कीटाणु हमारे हाथों पर चिपक जाते हैं, जिससे शरीर में प्रवेश करने से रोकने के लिए 'हाथों की स्वच्छता' सबसे अधिक जरूरी है.**




इसी उद्देश्य के साथ मंगलवार को एम्स भोपाल में 'विश्व हाथ स्वच्छता दिवस' मनाया गया. जिसकी थीम 'जीवन बचाएं अपने हाथ साफ रखें' रखी गई है. इस अवसर पर अस्पताल में आम जनता को जागरूक किया गया. जिसमें लोगों को बताया गया कि केवल हाथ धोने की एक अच्छी आदत गंभीर संक्रमणों और अस्पताल के चक्कर लगाने से बचा सकती है. डॉक्टरों ने बताया कि कीटाणु नग्न आंखों से दिखाई नहीं देते, लेकिन वे हर जगह मौजूद हैं. बिना हाथ धोए चेहरे को छूना, भोजन करने से ये कीटाणु हमारे तंत्र में प्रवेश कर जाते हैं. जिससे विभिन्न तरह की बीमीरी होती हैं. इस विषय पर जागरुकता लाने एम्स ने नागरिकों से अपील की है कि वे हाथ धोने को केवल एक औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं.

### कब हाथों को धोना जरूरी

डॉक्टरों ने बताया कि अक्सर लोग केवल खाना खाने से पहले हाथ धोते हैं, लेकिन स्वस्थ रहने के लिए कुछ अन्य मौकों पर भी सावधानी जरूरी है. भोजन बनाने से पहले, घाव पर दवा लगाने से पहले और किसी बीमार व्यक्ति के पास जाने से पहले हाथ जरूर धोएं. साथ ही, शौचालय के उपयोग के बाद, पालतू जानवरों को छूने के बाद या बस-ट्रेन के हैंडल पकड़ने के बाद हाथों को साफ करना न भूलें.

## एक नजर में



### करुणाधाम आश्रम में रक्तदान शिविर आज

**भोपाल, 5 मई.** करुणाधाम आश्रम में मातृशक्ति ब्रह्मलीन मातुश्री स्मृति दिवस के अवसर पर 'रक्तदान शिविर ' का आयोजन किया जा रहा है. बुधवार 6 मई को शाम 5 :00 बजे से करूणाधाम के मंडपम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सेवा भाव से रक्तदान करेंगे. रक्तदान शिविर मातुश्री दुर्गा देवी शांडिल्य के स्मृति दिवस पर पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित होगा. रक्तदान शिविर जरूरतमंद के जीवन बचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है.

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर स्वास्थ्य शिविर कल

**भोपाल, 5 मई.** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, राज्य शाखा, भोपाल द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार, 7 मई को रेडक्रॉस चिकित्सालय परिसर में नि :शुल्क सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, सेवानिवृत्त आईएएस, वाइस चेयरमैन मनीष रावल एवं कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता के मार्गदर्शन में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. चिकित्सालय संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख ने बताया कि शिविर में हड्डी रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, छाती एवं श्वास रोग, दंत रोग, चर्म रोग, सर्जरी तथा नाक-कान-गला रोग सहित विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध रहेंगी. शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब, निर्धन, वृद्ध, महिला एवं बच्चों को नि :शुल्क परामर्श प्रदान करना तथा आवश्यक जांचों पर 50% की रियायत उपलब्ध कराना है. रेडक्रॉस से सहयोग एवं संपर्क हेतु डॉ. सत्येंद्र सिंह बघेल, दिनेश आर्य एवं मोहन लोधी से संपर्क किया जा सकता है.

### मानव संग्रहालय में चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप 12 से

**भोपाल, 5 मई.** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के सहयोग से 12 मई से 10 जून तक एक माह की 'चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप' आयोजित की जाएगी .यह कार्यशाला श्यामला हिल्स स्थित संग्रहालय परिसर में होगी,जिसमें 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नाट्य कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा. कार्यशाला के दौरान अभिनय,संवाद अदायगी,शरीर-भाषा,अभिव्यक्ति और मंच प्रस्तुति जैसे पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा .इसका उद्देश्य बच्चों के मानसिक,शारीरिक और भावनात्मक विकास के साथ आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाना है .कार्यशाला का निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी संजय श्रीवास्तव करेंगे . समापन पर 10 जून को प्रतिभागी बच्चों द्वारा तैयार प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा .इच्छुक अभिभावक 5 मई से 11 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं .सीमित 35 सीटों के कारण चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा .कार्यशाला शुल्क 2500 रुपये निर्धारित है और समय प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक रहेगा .सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे .

### गुफा मंदिर में 18 से लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

**भोपाल, 5 मई.** लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में 18 से 24 मई तक पंचकुंडात्मक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम 5 .30 बजे तक संपन्न होगा,इस धार्मिक आयोजन में मुंबई के डाकोर पीठ से मंगलपीठाधीश्वर स्वामी माधवाचार्य महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. साथ ही वृंदावन से मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास महाराज भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे,आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है.

### दुष्यंत संग्रहालय में संवाद आठ मई को

**भोपाल, 5 मई.** दुष्यंत कुमार स्मृति पांडुलिपि संग्रहालय में वरिष्ठ लेखक एवं संस्कृतिकर्मी रामप्रकाश की दो कृतियों स्मरण में है आज जीवन और यदाकदा पर केन्द्रित विशेष पुस्तक चर्चा का आयोजन 8 मई को किया जा रहा है. यह कार्यक्रम शाम 5 :30 बजे होगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार शशांक करेंगे. लेखक परिचय वीरेन्द्र जैन द्वारा दिया जाएगा. इस दौरान पुस्तक परिचय आरती प्रस्तुत करेंगी.

## बुनकर चौपाल में दिए डिज़ाइन नवाचार के टिप्स

- गौहर महल में स्टेट हैंडलूम एक्सपो में हुई कार्यशाला

**भोपाल, 5 मई. गौहर महल में चल रहे स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026 के अंतर्गत मंगलवार को 'बुनकर चौपाल' कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बुनकर सेवा केंद्र द्वारा अधिकृत बुनकर पुष्पा बर्कले (भोपाल) और दशरथ पाठ्य (ग्वालियर) ने अपने अनुभव और सुझाव प्रतिभागियों के साथ साझा किए.**



कार्यशाला का उद्देश्य बुनकरों को आधुनिक बाजार की मांगों के अनुरूप तैयार करना और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा. कार्यक्रम में एक्सपो प्रभारी अरविंद शर्मा और सेवानिवृत्त उप संचालक माहौर ने कहा कि हाथकरघा केवल परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि यह लाखों कारीगरों की आजीविका का आधार भी है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि बुनकरों को सही मंच, प्रशिक्षण और विपणन के अवसर मिलें, तो भारतीय हैंडलूम विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है. विशेषज्ञों ने बुनकरों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए. उन्होंने डिज़ाइन नवाचार, गुणवत्ता सुधार और डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर बल दिया, ताकि बुनकर अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचा सकें. कार्यक्रम में निगम के मेंटर एम.एल. शर्मा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बुनकरों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पारंपरिक कला को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर ही इस क्षेत्र में स्थायी विकास संभव है. उन्होंने बुनकरों को आत्मनिर्भर बनने और अपने हुनर को नई पहचान देने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया.



## शिविर में 103 मरीजों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

- सेवा भारती ने रेडक्रॉस के सहयोग से आयोजित किया शिविर

**भोपाल, 5 मई. सेवा भारती के संस्थापक स्वर्गीय विष्णु कुमार के जन्मोत्सव पर मंगलवार को रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से मातृछाया स्थित कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में 103 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 73 शुगर, 82 हीमोग्लोबिन, 83 ब्लड प्रेशर, 13 थायराइड एवं 42 ब्लड ग्रुप जांच शामिल रही.**

विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी का परीक्षण कर परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयां दी गईं. शिविर में प्रमुख रूप से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.एस. बिंद्रा, रेडक्रॉस सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा भारती की उपाध्यक्ष अमिता जैन, मातृछाया शिशु कल्याण केंद्र के अध्यक्ष एवं उद्योगपति सुनील माहेश्वरी तथा महानगर अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश शिवमंगल सिंह ने अपने उद्बोधन में स्व. विष्णु कुमार के जीवन को समाज सेवा का आदर्श बताया.

महानगर मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया कि सेवा भारती द्वारा भोपाल में संस्कार केंद्र, मातृ छाया, आनंद धाम, और कैंसर चिकित्सालय में मरीजों को निशुल्क भोजन वितरण आदि अनेक सेवा कार्य कर्ताओं द्वारा किए जा रहे हैं कार्यक्रम में राज नारायण अग्निहोत्री, डॉ. प्रद्युम्न गुप्ता, रमेश गोतेल, करण सिंह कौशिक, डॉ. दिनेश शर्मा, गणेश सिंह, संजय काने सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे. शिविर में सुनीता सूर्यवंशी, कमला राय, देवमन हेड़ाऊ, शिवशंकर शर्मा, नरेंद्र सैनी, श्रीकांत मिश्रा, वसुंधरा पेंडसे, मालती साहू, डॉ. सत्येंद्र सिंह बघेल, प्रीति साहू सहित अन्य लोगों का योगदान रहा. कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामअवतार यादव एवं रुपाली शरद सक्सेना ने किया. महानगर स्वास्थ्य आयाम प्रभारी राजेश रमतानी ने सभी का आभार व्यक्त किया.

## चार एयरपोर्ट से मप्र के 94 हज यात्री रवाना

**भोपाल, 5 मई.** हज के लिए नागपुर, मुंबई, हैदराबाद और अहमदाबाद एयरपोर्ट से मंगलवार को 94 हज यात्री रवाना हुए. इसमें भोपाल के 4 हज यात्री शामिल हैं. मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी के अनुसार सोमवार को नागपुर एयरपोर्ट से बैतूल जिले के 22, मुंबई से दो फ्लाइट से मंदसौर, नीमच, अनूपपुर, इंदौर, राजगढ़, शहडोल, शाजापुर, बैतूल, उज्जैन, सागर, भोपाल, रतलाम जिले के 68, हैदराबाद से सिवनी जिले के दो तथा अहमदाबाद एयरपोर्ट से आलीराजपुर के 2 हज यात्री रवाना हुए. सोमवार को अहमदाबाद, नागपुर और मुंबई से मप्र के 134 यात्री रवाना हुए थे.

## नर्मदापुरम ने फैथ क्रिकेट क्लब को 26 रन से हराया

- ओल्ड कैंपियन में अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट स्पर्धा

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 5 मई. 14 वीं स्व. अरविन्द चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए मुकाबले में नर्मदापुरम की टीम ने फैथ क्रिकेट क्लब को 26 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की. मैच में गेंद और बल्ले दोनों से संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला.**



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्मदापुरम की टीम 36.4 ओवर में 224 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. टीम की ओर से अर्थव महाजन ने 96 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि अर्थव पटेल ने 39 और मानिक संजय ने 25 रनों का योगदान दिया. फैथ क्रिकेट क्लब की ओर से अंकृत सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर 4 विकेट झटके, वहीं अश्विन दास और आशू ने 2-2 विकेट हासिल किए.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी फैथ क्रिकेट क्लब की टीम 198 रन पर सिमट गई. टीम की ओर से रुद्रांश सिंह ने 45, अभय साहू ने 35, अंकृत सिंह ने 34 और आदित्य राज ने 27 रन बनाए, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी. नर्मदापुरम की ओर से सौरभ वर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए, जबकि मानिक संजय और विधान दुबे ने 2-2 विकेट लिए. सौरभ वर्मा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया और 500 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया. कोच सुनील शर्मा ने बताया कि उनकी टीम में अधिकतर खिलाड़ी 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के हैं, जिन्हें नियमित रूप से बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग की ट्रेनिंग देते हैं. सुबह और शाम अभ्यास कराया जाता है.

**समर कैंप** | पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में दिया प्रशिक्षण

## स्कूली बच्चों ने उड़ाया ड्रोन, सीखा 3डी डिजाइन बनाना

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 5 मई. किताबों के बोझ से दूर शहर के बच्चे इन दिनों भविष्य की तकनीकों से दोस्ती कर रहे हैं. पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में चल रहे विशेष समर कैंप के दूसरे दिन मंगलवार को विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक और प्रकृति के अनूठे मेल को करीब से महसूस किया.**



कैंप में आए नन्हें वैज्ञानिकों के लिए आकर्षण का केंद्र 3डी प्रिंटिंग और ड्रोन सिमुलेशन रहा. इस दौरान विद्यार्थियों ने न केवल कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के जरिए अपनी कल्पनाओं को 2डी और 3डी डिजाइन का रूप दिया, बल्कि उन्हें प्रिंटर के माध्यम से साक्षात आकार लेते हुए भी देखा. वहीं दूसरी ओर वर्चुअल दुनिया में ड्रोन उड़ाकर बच्चों ने भविष्य की उड़ान भरी और इसके तकनीकी नियंत्रण की बारीकियां सीखीं. संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल के अनुसार इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान न देकर उन्हें व्यावहारिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाना है. विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों को पौध प्रवर्धन की नई तकनीकें भी सिखाईं. इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में न केवल तकनीकी समझ विकसित हो रही है बल्कि उनमें कुछ नया रचने का उत्साह भी दिखाई दे रहा है.

### मिट्टी के बिना खेती और जैविक खाद का मंत्र

संस्थान में मंगलवार को बच्चों को धरती और पर्यावरण से जोड़ने की कोशिश की गई. जिसमें विद्यार्थियों को बताया कि कैसे बिना मिट्टी के भी 'हाइड्रोपोनिक्स' तकनीक से खेती की जा सकती है. इंटरनेट आधारित सिंचाई प्रणाली और ड्रिप तकनीक के जरिए पानी बचाने के तरीके भी सिखाए गए. केंचुओं की मदद से कचरे को खाद में बदलने की प्रक्रिया ने बच्चों को जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया.

## बच्चों को दे रहे अच्छे नागरिक बनने की दीक्षा

**भोपाल, 5 मई.** राजधानी भोपाल के कस्तूरबा नगर स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बच्चों को अच्छे नागरिक बनने की शिक्षा दी जा रही है. बच्चों को यह शिक्षा विद्वान राज जैन शास्त्री के सान्निध्य में दी जा रही है. दूसरी ओर चंदन नगर के पार्श्वनाथ मंदिर के संत निवास में अर्हं योग और तत्वार्थ सूत्र का अध्ययन हो रहा है. मंगलवारा में बच्चों को मोबाइल फोन से दूरी (डिजिटल डिटॉक्स) की शिक्षा दी जा रही है. अशोका गार्डन जैन मंदिर में 70 से अधिक बच्चे भगवान महावीर के अहिंसा और जियो और जीने दो के सिद्धांतों को समझ रहे हैं. जैन मंदिरों में एक सप्ताह तक चलने वाले इन शिविरों के समापन पर प्रतिभागियों की परीक्षा आयोजित की जाएगी.